NEWS CLIPPING: 25.04.2019

AMAR UJALA

स्टार्ट-अप को प्रोत्साहन देगा जेसी बोस विश्वविद्यालय

इंक्यूबेशन सेंटर स्थापित कर नवाचार के लिए करेंगे प्रेरित

अमर उजाला ब्यूरो

फरीदाबाद। विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को नवाचार के लिए बढ़ावा मिले इसके लिए जेसी बोस में जल्द ही इंक्यूबेशन सेंटर स्थापित किया जाएगा। पूर्व विद्यार्थियों के सामूहिक दल मॉब की सहायता से प्रयास को पंख लगेंगे। कुलपति दिनेश कुमार ने बताया कि इसी दिशा में हाल ही में दो दिन पहले आइडियाथॉन कार्यक्रम का आयोजन किया गया था।

बताया कि स्टॉर्टअप के लिए देशभर के शिक्षण संस्थानों से 130 नवाचार (आइडिया) मिले थे। इसमें विद्यार्थियों के 65 स्टॉर्टअप आइडिया कार्यक्रम में पेश किए गए थे। इसमें नकद इनाम राशि भी पूर्व विद्यार्थियों ने जुटाई। उत्पाद, वित्तीय, बाजार और मशीनरी व्यवहार्यता के आधार पर आइडिया को परखा गया। यह अनोखे आइडिया इनामी राशि तक सीमित न रहें, इसके लिए इंक्यूबेशन सेंटर बनाया गया है। यहां विद्यार्थियों इन विचारों को व्यवहारिक रूप दे सकेंगे।

कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों के लिए एक ऐसा पारिस्थिकी तंत्र स्थापित करेगा, जहां आसानी से नवाचार को व्यवहारिकता में लाया जा सके। कॉलेजों, विश्वविद्यालयों और सहयोगियों के बीच क्रॉस नेटवर्किंग को बढ़ाने का भी प्रयास किया जाएगा। प्री-इंक्यूबेशन गतिविधियां विद्यार्थियों में नई तकनीकों की समझ विकसित करने, रचनात्मकता और डिजाइन और शोध को बढ़ाएगा।

NEWS CLIPPING: 25.04.2019

NAVBHARAT TIMES

गुड़गांव की यूनिवर्सिटी ने जीता पहला पुरस्कार

एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद : स्टूडेंट्स के आइडिया व स्टार्टअप को प्रमोट करने के लिए जेसी बोस (वाईएमसीए) यूनिवर्सिटी में आइडियाथॉन का आयोजन किया गया। इस दौरान देशभर से आए स्टूडेंट्स ने कई प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए। इनमें से बेस्ट प्रोजेक्ट्स को चुनकर उन्हें डेढ़ लाख रुपये तक के पुरस्कार दिए गए। गुड़गांव की नॉर्थ कैंप यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट्स ने 50 हजार रुपये का पहला पुरस्कार जीता।

जेसी बोस यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रफेसर दिनेश कुमार ने बताया कि यूनिवर्सिटी परिसर में जल्द ही एक इंक्यूबेशन सेंटर स्थापित किया जाएगा। यूनिवर्सिटी की एलुमनाई असोसिएशन के सहयोग से यह सेंटर बनाया जाएगा, जहां पर स्टूडेंट्स के विचारों को स्टार्ट अप में परिवर्तित करने में सहयोग किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में जिन बेस्ट आइडिया को चुना गया है, उन्हें भी स्टार्ट अप में सहयोग देने का काम किया जाएगा। प्रतियोगिता में 120 आइडिया आए थे, जिनमें से 65 आइडिया को यूनिवर्सिटी में प्रदर्शित किया गया। दूसरे स्थान के लिए 20 हजार रुपये के तीन पुरस्कार दिए गए। मेरठ की चौधरी चरण सिंह यूनिसिर्टी, लखनऊ की डॉ एपीजे अब्दुल कलाम तकनीकी यूनिवर्सिटी व दिल्ली की गुरु गोविंगद सिंह इंद्रप्रस्थ यूनिवर्सिटी को यह पुरस्कार राशि दी गई।

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

NEWS CLIPPING: 25.04.2019

HINDUSTAN

वाईएमसीए में शुरू होगा इंक्यूबेशन सेंटर

फरीदाबाद। जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में इंक्यूबेशन सेंटर शुरू करने का निर्णय लिया है। इसमें विद्यार्थियों को स्टार्ट-अप शुरू करने में मदद दी जाएगी। यह जानकारी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.दिनेश कुमार ने 'आइडियाथॉन 2019' प्रतियोगिता में पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान दी।